# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक परीक्षा

## UPSSSC PET

## प्रश्न-पत्र-2021 (प्रथम पाली)

समय/Time : 2.00 घंटे | पूर्णांक/M.M. : 100

**1.** भारत में शासन करने वाले दिए गए शासकों का कालक्रमानुसार सही क्रम क्या है?

I. शेरशाह सूरी  II. अकबर
III. अलाउद्दीन खिलजी  IV. इल्तुतमिश

(a) IV, I, III, II  (b) IV, II, I, II
(c) I, II, III, IV  (d) III, IV, I, II

**2.** निम्न में से कौन से संत शिवाजी के समकालीन थे?

(a) तुकाराम  (b) चैतन्य
(c) नामदेव  (d) शंकराचार्य

**3.** बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे?

(a) लॉर्ड क्लाइव  (b) लॉर्ड वारेन हेस्टिंग्स
(c) लॉर्ड लिटन  (d) लॉर्ड रिपन

**4.** चरकसंहिता संबंधित है–

(a) राजनीति  (b) चिकित्सा
(c) वास्तुकला  (d) गणित

**5.** निम्न में से कौन सा जोड़ा सही नहीं है?

(a) B.C. 261 – कलिंग युद्ध
(b) A.D. 78– शक संवत् की शुरुआत
(c) A.D. 622 – मुस्लिम युग की शुरुआत
(d) A.D. 1709 – औरंगजेब की मृत्यु

**6.** इनमें से किसे भारत के 'ग्राण्ड ओल्ड मैन' के नाम से जाना जाता है?

(a) दादाभाई नौरोजी  (b) डब्ल्यू. सी. बैनर्जी
(c) फिरोजशाह मेहता  (d) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

**7.** सन् 1915-16 में किसके नेतृत्व में दो होम रूल लीग शुरू हुई?

(a) एनी बेसेन्ट और लोकमान्य तिलक
(b) तिलक और लाला लाजपत राय
(c) तिलक और विपिनचन्द्र पाल
(d) तिलक और अरबिन्द घोष

**8.** निम्न का मिलान करें:

a. ब्रह्म समाज  1. स्वामी विवेकानंद
b. रामकृष्ण मिशन  2. दयानन्द सरस्वती
c. आर्य समाज  3. राम मोहन राय
d. सत्यशोधक समाज  4. के. श्रीधरालू नायडू
  5. ज्योतिराव फूले

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 5 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 5 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 5 |

**9.** 'करो या मरो' का नारा किसने दिया?

(a) सरदार पटेल  (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) सुभाषचंद्र बोस  (d) महात्मा गाँधी

**10.** जब सुभाषचंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया तो इस पद का प्रस्ताव किसे दिया गया?

(a) जवाहरलाल नेहरू  (b) पट्टाभि सीतारमैया
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद  (d) जे.बी. कृपलानी

**11.** सलाल पन-बिजली परियोजना किस नदी पर स्थित है?

(a) झेलम  (b) रावी
(c) चिनाब  (d) व्यास

**12.** वसंत विषुव होता है–

(a) 21 मार्च को  (b) 18 जून को
(c) 23 सितंबर को  (d) 22 दिसंबर को

**13.** राजस्थान में 'खेतड़ी परियोजना' किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?

(a) जस्ता  (b) इस्पात
(c) ताँबा  (d) एल्युमिनियम

**14.** काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान स्थित है–

(a) मध्य प्रदेश  (b) असम
(c) पश्चिम बंगाल  (d) केरल

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सी हिमालयी नदी तंत्र की नदियाँ हैं?

I. कावेरी  II. गंगा
III. ब्रह्मपुत्र  IV. गोदावरी

(a) I और II  (b) II और III
(c) III और IV  (d) II और IV

**16.** बैंक दर का अर्थ है–

(a) साहूकारों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर
(b) अनुसूचित बैंकों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर
(c) बैंकिंग संस्थाओं के लाभ की दर
(d) देश के केंद्रीय बैंक द्वारा ली जाने वाली आधिकारिक ब्याज दर

**17.** यदि आर.बी.आई. नकद कोषानुपात को घटा दे तो साख सर्जन पर क्या असर होगा?

(a) कोई असर नहीं होगा।  (b) घट जायेगी।

ROJGAR With ANKIT

(c) बढ़ जायेगी। (d) इनमें से कोई नहीं।

**18.** इनमें से किस प्रकार की अर्थव्यवस्था में संसाधनों पर निजी अधिकार होते हैं और आर्थिक गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य लाभ अर्जित करना होता है?
(a) पूँजीवादी (b) समाजवादी
(c) मिश्रित (d) वैश्विक

**19.** सौ रुपये का नोट किसके द्वारा हस्ताक्षरित होता है?
(a) आर. बी. आई. गवर्नर (b) भारत के राष्ट्रपति
(c) वित्त मंत्री (d) वित्त सचिव

**20.** फेमा (FEMA) का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Funds Exchange Media Agency
(b) Foreign Exchange Management Act
(c) Finance and Export Management Association
(d) Foreign Export Market Agency

**21.** भारत के संविधान में 'जन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' किसमें शामिल है?
(a) राज्य सूची में (b) समवर्ती सूची में
(c) संघ सूची में (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** भारत में पंचायती राज व्यवस्था इसके अंतर्गत रखी गई है?
(a) मूल अधिकार
(b) मौलिक अधिकार
(c) राज्य नीति के निदेशक तत्व
(d) इनमें से कोई नहीं

**23.** शिक्षा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है जो कि संबंधित है–
(a) अनुच्छेद 21A से
(b) अनुच्छेद 19 से
(c) अनुच्छेद 29 एवं 30 से
(d) इनमें से कोई नहीं

**24.** निम्न में से किसने संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' रखा?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) महात्मा गाँधी
(c) बी.आर. अंबेडकर (d) बी.एन. राव

**25.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अल्पसंख्यकों के हित निहित हैं?
(a) अनुच्छेद 21 (b) अनुच्छेद 24
(c) अनुच्देद 29 (d) इनमें से कोई नहीं

**26.** ठोस चालक में धारा वाहक होते हैं–
(a) प्रोटॉन (b) न्यूट्रॉन
(c) मुक्त इलेक्ट्रॉन (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** प्रकाश वर्ष किसके मापन की इकाई है?
(a) एक वर्ष में मापी गई रॉकेट की गति की
(b) एक वर्ष में निर्वात में ध्वनि द्वारा चली गई दूरी की
(c) एक वर्ष में निर्वात में प्रकाश द्वारा चली गई दूरी की
(d) हवाई जहाज की गति की

**28.** ब्लीचिंग पाउडर का रासायनिक नाम यह भी है–
(a) कैल्सियम सल्फेट ($CaSO_4$)
(b) कैल्सियम ऑक्सीक्लोराइड ($CaOCl_2$)
(c) सोडियम बाइकार्बोनेट ($NaHCO_3$)
(d) सोडियम क्लोराइड ($NaCl$)

**29.** 18-कैरेट सोने में खरे सोने का प्रतिशत है–
(a) 60% (b) 75%
(c) 80% (d) 100%

**30.** संतरे में बहुतायत में होता है–
(a) विटामिन C (b) विटामिन A
(c) विटामिन B (d) इनमें से कोई नहीं

**31.** $\sqrt{\frac{?}{196}} = \frac{72}{56}$
(a) 18 (b) 14
(c) 324 (d) 212

**32.** $\frac{885 \times 885 \times 885 + 115 \times 115 \times 115}{885 \times 8 + 115 \times 115 - 885 \times 115} =$
(a) 115 (b) 770
(c) 885 (d) 1000

**33.** $\frac{\sqrt{5}-\sqrt{3}}{\sqrt{5}+\sqrt{3}}$ इसके बराबर है:
(a) $4+\sqrt{15}$ (b) $4-\sqrt{15}$
(c) $\frac{1}{2}$ (d) 1

**34.** टी.वी. सेट का मूल्य 30% घटाने पर उसकी बिक्री 20% बढ़ गई। दुकानदार की आय पर उसका क्या प्रभाव पड़ा?
(a) 10% बढ़ी (b) 10% घटी
(c) 16% बढ़ी (d) 16% घटी

**35.** चार खिलाड़ियों की औसत उम्र 18.5 वर्ष है। अगर कोच की उम्र भी इसमें शामिल की जाए तो औसत उम्र 20% बढ़ जाती है, तो कोच की उम्र है–
(a) 28 वर्ष (b) 31 वर्ष
(c) 34 वर्ष (d) 37 वर्ष

**36.** 'एकल' का विलोम शब्द है–
(a) बहुल (b) पर्याप्त
(c) उपयुक्त (d) अकेला

**37.** 'दर्प' का पर्यायवाची कौन-सा है?
(a) तिरस्कार (b) अहंकार
(c) व्यथा (d) स्वाभिमान

**38.** 'मन को हरने वाला' वाक्य के लिए नीचे दिए गए विकल्प में से एक शब्द चुनिए:
(a) मर्मान्तक (b) मनोहर

ROJGAR With ANKIT

(c) मदमस्त (d) मदमयी

**39.** 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए:
(a) दोहों की रचना करना (b) थोड़े में बहुत कहना
(c) बहुत बोलना (d) कम बोलना

**40.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।
(a) महत्वकांक्षा (b) माहत्वाकांक्षा
(c) महत्त्वाकांक्षा (d) महात्वाकांक्षा

**Directions:** Read the passage carefully and answer the corresponding questions: **(41-43)**

Nehru's was a many-sided personality. He enjoyed reading and writing books as much as he enjoyed fighting political and social evils or resisting tyranny. In him the scientist and the humanist were held in perfect balance. While he kept looking at social problems from a scientific standpoint, he never forgot that we should nourish the total man. As a scientist, he refused to believe, in a benevolent power interested in men's affairs; but, as a self-proclaimed non-believer, he loved affirming his faith in life and the beauty of nature. Children he adored. Unlike Wordsworth, he did not see them trailing clouds of glory from their recent sojourn in heaven. He saw them as bloosoms of promise and renewal, the only hope for mankind.

**41.** A *many-sided personality* means:
(a) a complex personality
(b) a secretive personality
(c) a person having varied interests
(d) a capable person

**42.** Pt. Nehru enjoyed
(a) reading and writing books.
(b) fighting political and social evils.
(c) resisting tyranny.
(d) doing all these and much more.

**43.** Which of the following statements reflects Pt. Nehru's point of view?
(a) Humanism is more important than Science.
(b) Science is supreme and Humanism is subordinate to it.
(c) Science and Humanism are equally important.
(d) There is no common ground between Science and Humanism.

**44.** Give Synonym for the following:
Famous
(a) Awful (b) Poor
(c) Popular (d) Steady

**45.** Give Antonym for the following:
Transparent
(a) Obvious (b) Limpid
(c) Opaque (d) Clear

**46.** दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन कीजिए:
पक्षीविज्ञानी : पक्षी :: नृविज्ञानी : ?
(a) पौधे (b) पशु
(c) मानव (d) पर्यावरण

**47.** उस शब्द का चयन कीजिए जो समूह के बाकी शब्दों से मेल नहीं रखता।
(a) दही (b) मक्खन
(c) तेल (d) पनीर

**48.** किसी निश्चित कूट में PRODUCTIONS को QQPCVEUHPMT लिखा जाता है। इसी कूट में ORIENTATION किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) PQJDOVBSJNO (b) PQJDOUBUJPO
(c) PSJFOVBSJNO (d) NSHFMVBSJNO

**49.** रीता की ओर इशारा करते हुए निखिल ने कहा, ''मैं उनकी माँ के पुत्र का इकलौता पुत्र हूँ।'' रीता, निखिल से किस प्रकार संबंधित है?
(a) बुआ (b) भतीजी
(c) माँ (d) चचेरी बहन

**50.** यदि किसी वर्ष में 25 अगस्त को गुरुवार है, तो उसी महीने में सोमवार की संख्या है–
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**51.** निम्न में से किस शहर में लाइट हाउस परियोजना का क्रियान्वयन नहीं हुआ है?
(a) अगरतला (b) राँची
(c) चेन्नई (d) पटना

**52.** कौन सी भारतीय दूरसंचार कंपनी विश्व की पाँचवीं सबसे मजबूत ब्रांड है?
(a) रिलायन्स-जिओ (b) भारती एयरटेल
(c) आइडिया (d) वोडाफोन

**53.** बोल्ड (BOLD - Bamboo Oasis on Lands in Drought) परियोजना हाल ही में भारत के किस राज्य में शुरू की गई?
(a) राजस्थान (b) हरियाणा
(c) बिहार (d) मध्य प्रदेश

**54.** संयुक्त राष्ट्र की कोवैक्स (COVAX) योजना के अंतर्गत कोविड-19 की मुफ्त वैक्सीन पाने वाला पहला देश कौन-सा है?
(a) घाना (b) नाइजीरिया
(c) अफ्रीका (d) सूडान

**55.** अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी अमरीकी महिला अंतरिक्ष यात्री कौन हैं?

ROJGAR With ANKIT

(a) सिरीषा बान्दला (b) श्रेया बादला
(c) रितु कारीधाल (d) कल्पना चावला

**56.** उस भारतीय पहलवान का नाम क्या है, जिस पर हाल ही में डोपिंग के लिए दो साल का प्रतिबंध लगाया गया?
(a) योगेश्वर दत्त (b) सुमित मलिक
(c) रविन्दर सिंह (d) पवन कुमार

**57.** भारत का वह कौन सा प्रथम राज्य है, जहाँ एण्ड-टू-एण्ड ई-कैबिनेट प्रणाली लागू की गयी है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश
(c) गोआ (d) हरियाणा

**58.** किस भारतीय मंत्रालय द्वारा हाल ही में 2019-2020 के लिए यू.डी.आई.एस.ई.+ (UDISE+) शुरू किया गया?
(a) स्वास्थ्य मंत्रालय (b) शिक्षा मंत्रालय
(c) वित्त मंत्रालय (d) गृह मंत्रालय

**59.** स्मार्टफोन निर्माता 'वीवो' ने किस क्रिकेट खिलाड़ी को अपना ब्रॉंड एम्बेसडर नियुक्त किया?
(a) विराट कोहली (b) एम.एस. धोनी
(c) ईशांत शर्मा (d) शिखर धवन

**60.** आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित पोर्टल "SUPACE" भारत में किस न्यायालय के लिए शुरू किया गया?
(a) दिल्ली उच्च न्यायालय (b) गुजरात उच्च न्यायालय
(c) सर्वोच्च न्यायालय (d) इनमें से कोई नहीं

**61.** कितने भारतीय राज्य नेपाल से सीमा साझा करते हैं?
(a) पाँच (b) चार
(c) तीन (d) दो

**62.** निम्न में से कोस्टा रिका की राजधानी कौन सी है?
(a) बीजिंग (b) सान जोस
(c) दिल्ली (d) ढाका

**63.** केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप की आधिकारिक भाषा निम्न में से क्या है?
(a) तमिल (b) मलयालम
(c) ग्रेट अंडमानी (d) सिंहला

**64.** भारत के संविधान के अनुसार लोक सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या क्या है?
(a) 530 (b) 540
(c) 550 (d) 552

**65.** 'हिंदी दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) सितंबर 14 (b) अक्टूबर 1
(c) नवंबर 2 (d) अक्टूबर 3

**66.** इनमें से कौन-सा देश सार्क (SAARC) का सदस्य नहीं है?
(a) नेपाल (b) बांग्लादेश
(c) अफगानिस्तान (d) म्यांमार

**67.** निम्न में से किस स्थान पर अजंता-एलोरा की गुफाएँ स्थित हैं?
(a) बैंगलुरु (b) दिल्ली
(c) औरंगाबाद (d) लखनऊ

**68.** ओणम किस भारतीय राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का सांस्कृतिक उत्सव है?
(a) असम (b) केरल
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक है?
(a) पृथ्वी (b) चंद्रमा
(c) मंगल (d) बुध

**70.** नोबेल पुरस्कार जीतने वाले प्रथम एशियाई कौन थे?
(a) सी.वी. रमन (b) राजीव गाँधी
(c) रबीन्द्रनाथ टैगोर (d) मदर टेरेसा

**निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (71-75) के उत्तर चुनिए।

## गद्यांश

धरातल से युद्ध की विभीषिकाओं को सदा-सदा के लिए समाप्त करने के लिए गाँधीजी ने विश्व को अहिंसा रूपी अस्त्र प्रदान किया। गाँधीजी कहा करते थे कि प्रेम और अहिंसा के द्वारा विश्व के कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है। उन्होंने इन सिद्धांतों का परीक्षण भी किया और वे 'नितांत' सफल सिद्ध हुए। हिंसा से हिंसा बढ़ती है, 'घृणा', घृणा को जन्म देती है और प्रेम से प्रेम की अभिवृद्धि होती है। अत: यह निश्चित है कि बिना प्रेम और अहिंसा के विश्व में शांति स्थापित नहीं हो सकती। शांति के अभाव में मानव जाति का विकास संभव नहीं। प्रत्येक राष्ट्र का स्वर्णिम-युग वही कहा जाता है, जब वहाँ पूर्ण शांति और सुख रहा हो तथा उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य किए जाते हों। भौतिक दृष्टि से व्यापार और कृषि की उन्नति भी शांतिकाल में ही संभव होती है, अत: हम यदि विश्व का कल्याण चाहते हैं तो हमें युद्ध का बहिष्कार करना ही होगा। अहिंसा और प्रेम की भावना से विश्व में शांति स्थापित करनी होगी, तभी विश्व में सुखमय एवं शांतिमय राज्य की स्थापना संभव होगी।

**71.** विश्व में शांति क्यों आवश्यक है?
(a) मानव जाति के विकास के लिए
(b) उत्तमोत्तम रचनात्मक कार्य के लिए
(c) व्यापार और कृषि की उन्नति के लिए
(d) कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाने के लिए

**72.** विश्व शांति की स्थापना के लिए सबसे आवश्यक है-
(a) हिंसा और भय (b) अहिंसा और प्रेम
(c) आत्मीयता और समीपता (d) परिश्रम और ज्ञान

**73.** कठोर से कठोर हृदय को भी कोमल बनाया जा सकता है-
(a) सत्य पालन द्वारा (b) मौन पालन द्वारा
(c) अहिंसा द्वारा (d) भय द्वारा

**74.** किसी भी राष्ट्र के स्वर्णिम-युग के प्रमुख तत्व हैं-
(a) धन और वैभव

ROJGAR With ANKIT

(b) धन और सम्मान
(c) आध्यात्म और उपासना
(d) शांति, सुख और रचनात्मक कार्य

**75.** 'नितान्त' शब्द का उपयुक्त पर्याय है-
(a) भलीभाँति (b) बिलकुल
(c) विधिवत् (d) निम्न

**निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (76-80) के उत्तर चुनिए।

### गद्यांश

विज्ञान आज के मानव-जीवन का अविभाज्य एवं घनिष्ठ अंग बन गया है। मानव-जीवन का कोई भी क्षेत्र विज्ञान के अश्रुतपूर्व आविष्कारों से अछूता नहीं रहा। इसी से आधुनिक युग विज्ञान का युग कहलाता है। आज विज्ञान ने पुरुष और नारी, साहित्यकार और राजनीति, उद्योगपति और कृषक, पूँजीपति और श्रमिक, चिकित्सक और सैनिक, अभियन्ता और शिक्षक तथा धर्मज्ञ तथा तत्वज्ञ सभी को और सभी क्षेत्रों में किसी-न-किसी रूप में अपने अप्रतिम प्रदेय से अनुगृहीत किया है। आज समूचा परिवेश विज्ञानमय हो गया है। विज्ञान के चरण गृहिणी के रसोईघर से लेकर बड़ी-बड़ी प्राचीरों वाले भवनों और अट्टालिकाओं में ही दृष्टिगत नहीं होते, प्रत्युत वे स्थल और जल की सीमाओं को लाँघकर अंतरिक्ष में भी गतिशील हैं। वस्तुत: विज्ञान अद्यतन मानव की सबसे बड़ी शक्ति बन गया है, इसके बल से मनुष्य प्रकृति और प्राणिजगत का शिरोमणि बन सका है। विज्ञान के अनुग्रह से वह सभी प्रकार की सुविधाओं और सम्पदाओं का स्वामित्व प्राप्त कर चुका है। अब वह ऋतु-ऋतुओं के प्रकोप से भयाक्रांत एवं संत्रस्त नहीं है। विद्युत ने उसे आलोकित किया है, उष्णता और शीतलता दी है, बटन दबाकर किसी भी कार्य को सम्पन्न करने की ताकत भी दी है। मनोरंजन के विविध साधन उसे सुलभ हैं। यातायात एवं संचार के साधनों के विकास से समय और स्थान की दूरियाँ बहुत कम हो गई हैं। और समूचा विश्व एक परिवार-सा लगने लगा है। कृषि और उद्योग के क्षेत्र में उत्पादन की तीव्र वृद्धि होने के कारण आज दुनिया पहले से अधिक धन-धान्य से संपन्न है। शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान की देन अभिनन्दनीय है। विज्ञान के सहयोग से मनुष्य धरती और समुद्र के अनेक रहस्य हस्तामलक करके अब अंतरिक्ष लोक में लोक में प्रवेश कर चुका है। सर्वोपरि, विज्ञान ने मनुष्य को बौद्धिक विकास प्रदान किया और वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति दी है। वैज्ञानिक चिन्तन-पद्धति से मनुष्य अंधविश्वासों और रूढि-परपंराओं से मुक्त होकर स्वस्थ एवं संतुलित ढंग से सोच-विचार कर सकता है और यथार्थ एवं सम्यक जीवन जी सकता है। इससे मनुष्य के मन को युगों के अंधविश्वासों, भ्रमपूर्ण और दकियानूसी विचारों, भय और अज्ञानता से मुक्ति मिली है। विज्ञान की यह देन स्तुत्य है। मानव को चाहिए कि वह विज्ञान की इस समग्र देन को रचनात्मक कार्यों में सुनियोजित करें।

**76.** विज्ञान मानव की सबसे बड़ी शक्ति इसलिए कही गई है, क्योंकि इसके बल से मनुष्य-
(a) विद्युत शक्ति का स्वामी है।
(b) प्रकृति और प्राणिजगत का सिरमौर है।
(c) सभी भौतिक सुविधाओं से संपन्न है।
(d) अंतरिक्ष के क्षेत्र में हस्तक्षेप कर सकता है।

**77.** वैज्ञानिक चिंतन-पद्धति ने मनुष्य का सबसे बड़ा उपकार यह किया है कि उसे मुक्ति मिली है-
(a) संतुलित अनुचिन्तन से।
(b) पुरानी शिष्ट औपचारिकताओं से।
(c) भ्रमपूर्ण रूढ़िवादी विचारणा से।
(d) प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं से।


**78.** विश्व के परिवारवत् लगने का प्रमुख कारण है-
(a) यातायात एवं संचार साधनों का विकास।
(b) विज्ञान की गतिशील शक्तियाँ।
(c) विज्ञान की जीवन से घनिष्ठता।
(d) विश्व-बंधुत्व की भावना का विकास।

**79.** 'हस्तामलक' शब्द से अभिप्रेत है-
(a) अस्पष्ट परंतु सायास बोधगम्य।
(b) पास में रखे आँवले की तरह।
(c) हाथी के लिए आँवले की तरह।
(d) स्पष्ट और अनायास बोधगम्य।

**80.** 'वैज्ञानिक चिंतन' पदबंध से आशय है-
(a) परंपरागत चिंतन
(b) भावात्मक चिंतन
(c) वैज्ञानिकों द्वारा किया गया चिंतन
(d) स्वस्थ एवं संतुलित चिंतन

**निर्देश (81-85):** प्रश्न दिए गए ग्राफ पर आधारित हैं। इन प्रश्नों के उत्तर दें।

ग्राफ में एक परीक्षा में 7 छात्रों के इतिहास और भूगोल के अंकों का अनुपात दर्शाया गया है।




**81.** कितने छात्रों ने भूगोल की अपेक्षा इतिहास में ज्यादा अंक अर्जित किए?
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

**82.** निम्न में से किन छात्रों को भूगोल की अपेक्षा इतिहास में कम अंक मिले?


(a) 1, 3, 5, 6 (b) 1, 2, 3, 6
(c) 1, 4, 5, 7 (d) 4, 5, 7

**83.** भूगोल में छात्र 3 से 4 के मध्य अंक की प्रतिशत बढ़त है–
(a) 15 (b) 20
(c) 90 (d) आँकड़े अपर्याप्त

**84.** इतिहास/भूगोल के अधिकतम अनुपात और न्यूनतम अनुपात का अंतर है–
(a) 0.45 (b) 0.50
(c) 0.90 (d) 1.20

**85.** छात्र 4 को भूगोल में 60 अंक मिले। उसके इतिहास में अंक हैं–
(a) 48 (b) 68
(c) 75 (d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (86-90):** ग्राफ का अध्ययन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।




**86.** कच्चे ऊन के उत्पादन में उच्चतम वृद्धि का वर्ष था–
(a) 2017-18 (b) 2020-21
(c) 2016-17 (d) 2019-20

**87.** पहले चार वर्षों के उत्पादन की तुलना में अंतिम चार वर्षों में कच्चे ऊन का उत्पादन ........... % बढ़ गया।
(a) 26.8 (b) 22.2
(c) 19.8 (d) 25.0

**88.** आठ वर्षों के दौरान औसत उत्पादन था–
(a) 67.2 MT (b) 62.5 MT
(c) 50.0 MT (d) 52.8 MT

**89.** उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम प्रतिशत घटत किस वर्ष रही?
(a) 2018-19 (b) 2017-18
(c) 2013-14 (d) 2014-15

**90.** 2014-15 में कच्चे ऊन का उत्पादन 2019-20 के उत्पादन का ............... था।
(a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{2}{3}$
(c) $\frac{1}{2}$ (d) $\frac{3}{4}$

**निर्देश (91-95):** दी गई तालिका के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**पाँच सेल्समैन द्वारा अर्जित वार्षिक कमीशन**

| सेल्स मैन | वर्ष | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 |
| A | 27350 | 28500 | 25200 | 29800 | 24600 | 27000 |
| B | 26850 | 27900 | 27400 | 28000 | 28500 | 29000 |
| C | 26200 | 27800 | 28200 | 29100 | 29400 | 30000 |
| D | 27850 | 30040 | 29800 | 36060 | 29800 | 32000 |
| E | 28640 | 29000 | 28750 | 30000 | 29750 | 29700 |
| योग | 136890 | 143240 | 139350 | 146960 | 142050 | 147700 |

**91.** किस वर्ष में सेल्समैन C द्वारा अर्जित कमीशन पिछले वर्ष की तुलना में अधिकतम वृद्धि दर्शाता है?
(a) 2016 (b) 2017
(c) 2018 (d) 2019

**92.** वर्ष 2018 में B का कमीशन पाँचों सेल्समैनों के उसी वर्ष के कुल कमीशन का लगभग कितना प्रतिशत था?
(a) 19.05 (b) 98
(c) 80 (d) इनमें से कोई नहीं

**93.** किस सेल्समैन का 2018 में कमीशन, 2015 की तुलना में उच्चतम वृद्धि दर्शाता है?
(a) A (b) B
(c) D (d) C

**94.** निम्न में से किस वर्ष में किसी भी सेल्समैन द्वारा अर्जित उच्चतम और न्यूनतम कमीशन का अंतर अधिकतम है?
(a) 2017 (b) 2018
(c) 2019 (d) 2020

**95.** वर्ष 2019 में सेल्समैन D द्वारा अर्जित कमीशन A द्वारा अर्जित कमीशन का लगभग कितना प्रतिशत है?
(a) 18 (b) 21
(c) 52 (d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (96-100):** दी गई तालिका के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**विभिन्न महीनों में चार शेयर ब्रोकर में खुले खातों की संख्या (सैकड़ों में)**

| शेयर ब्रोकर | मई | जून | जुलाई | अगस्त | सितंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| एंजल | 25 | 28 | 35 | 65 | 55 |
| शेरखान | 22 | 18 | 32 | 30 | 45 |
| जेरोधा | 30 | 45 | 50 | 35 | 40 |
| ट्रेडबुल | 35 | 42 | 45 | 50 | 60 |

**96.** निम्नलिखित में से किस महीने में खुले खातों की संख्या की

ROJGAR With ANKIT

औसत महत्तम है?

(a) जून (b) सितंबर
(c) अगस्त (d) मई

**97.** अगस्त में खुले खातों की संख्या जून में खुले खातों की संख्या से लगभग कितने प्रतिशत कम या ज्यादा थी?

(a) 33.5 (b) 35.3
(c) 34.6 (d) 40

**98.** मई से सितंबर तक एंजल में खुले खातों की संख्या से जेरोधा में खुले खातों की संख्या का अनुपात क्या है?

(a) 1.5 (b) 0.75
(c) 2.25 (d) 1.04

**99.** किस शेयर ब्रोकर में खुले खातों की औसत संख्या महत्तम है?

(a) एंजल (b) शेरखान
(c) ट्रेडबुल (d) जेरोधा

**100.** ट्रेडबुल में खुले खातों की संख्या का औसत शेरखान में खुले खातों की संख्या के औसत का लगभग कितना प्रतिशत कम या ज्यादा था?

(a) 57.82 (b) 60
(c) 45.90 (d) 50.69

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | (b) | **2.** | (a) | **3.** | (b) | **4.** | (b) | **5.** | (d) | **6.** | (a) | **7.** | (a) | **8.** | (c) | **9.** | (d) | **10.** | (d) |
| **11.** | (c) | **12.** | (a) | **13.** | (c) | **14.** | (b) | **15.** | (b) | **16.** | (d) | **17.** | (c) | **18.** | (a) | **19.** | (a) | **20.** | (b) |
| **21.** | (a) | **22.** | (c) | **23.** | (a) | **24.** | (a) | **25.** | (c) | **26.** | (c) | **27.** | (c) | **28.** | (b) | **29.** | (b) | **30.** | (a) |
| **31.** | (c) | **32.** | (d) | **33.** | (b) | **34.** | (d) | **35.** | (d) | **36.** | (a) | **37.** | (b) | **38.** | (b) | **39.** | (b) | **40.** | (c) |
| **41.** | (c) | **42.** | (d) | **43.** | (c) | **44.** | (c) | **45.** | (c) | **46.** | (c) | **47.** | (c) | **48.** | (a) | **49.** | (a) | **50.** | (c) |
| **51.** | (d) | **52.** | (a) | **53.** | (a) | **54.** | (a) | **55.** | (a) | **56.** | (b) | **57.** | (b) | **58.** | (b) | **59.** | (a) | **60.** | (c) |
| **61.** | (a) | **62.** | (b) | **63.** | (b) | **64.** | (d) | **65.** | (a) | **66.** | (d) | **67.** | (c) | **68.** | (b) | **69.** | (d) | **70.** | (c) |
| **71.** | (a) | **72.** | (b) | **73.** | (c) | **74.** | (d) | **75.** | (b) | **76.** | (b) | **77.** | (c) | **78.** | (a) | **79.** | (d) | **80.** | (d) |
| **81.** | (b) | **82.** | (b) | **83.** | (d) | **84.** | (d) | **85.** | (c) | **86.** | (c) | **87.** | (b) | **88.** | (b) | **89.** | (a | **90.** | (d) |
| **91.** | (a) | **92.** | (a) | **93.** | (d) | **94.** | (c) | **95.** | (d) | **96.** | (b) | **97.** | (b) | **98.** | (d) | **99.** | (c) | **100.** | (a) |

ROJGAR With ANKIT

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग प्रारम्भिक परीक्षा

## UPSSSC PET

# प्रश्न-पत्र-2021 (द्वितीय पाली)

**समय/Time : 2.00 घंटे** **पूर्णांक/M.M. : 100**

**1.** निम्नलिखित किस क्रम में भारत आए?

I. टामस रो
II. फाह्यान
III. ह्वेनसांग

(a) I, II, III (b) II, I, III
(c) II, III, I (d) III, I, II

**2.** सिराज़-उद-दौला किस युद्ध में अंग्रेजों से पराजित हुआ था?

(a) बक्सर (b) प्लासी
(c) वाण्डिवाश (d) इनमें से कोई नहीं

**3.** इनमें से कौन 'हड़प नीति' का कट्टर समर्थक था?

(a) लॉर्ड वेलेज़ली (b) लॉर्ड डलहौजी
(c) लॉर्ड मिंटो (d) लॉर्ड हेस्टिंग्स

**4.** भारतीय इतिहास में धनवन्तरी कौन थे?

(a) चंद्रगुप्त मौर्य के प्रसिद्ध सेनापति
(b) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य की सभा को सुशोभित करने वाले प्रसिद्ध चिकित्सक
(c) हर्ष के समय के एक प्रसिद्ध नाटककार
(d) इनमें से कोई नहीं

**5.** मौर्यकालीन भारत के विवरण वाली 'इंडिका' के लेखक थे-

(a) मेगस्थनीज (b) फाह्यान
(c) ह्वेनसांग (d) इनमें से कोई नहीं

**6.** साइमन कमीशन किस वर्ष भारत में प्रथम बार आया?

(a) 1925 (b) 1926
(c) 1919 (d) 1928

**7.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा किस अधिवेशन में ऐतिहासिक 'पूर्ण स्वराज्य' (पूर्ण स्वतंत्रता) का प्रस्ताव पारित किया गया?

(a) बम्बई (b) लाहौर
(c) कराची (d) लखनऊ

**8.** निम्न का मिलान करें-

| | |
|---|---|
| A. इंडियन नेशनल आर्मी | 1. लाला हरदयाल |
| B. गदर पार्टी | 2. सुभाषचंद्र बोस |
| C. मित्र मेला | 3. वी. डी. सावरकर |
| D. होम रूल लीग | 4. एनी बेसेन्ट |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**9.** निम्न में से किसने महात्मा गाँधी के खिलाफत आंदोलन से जुड़ने का विरोध किया?

(a) खान अब्दुल गफ्फार खान
(b) फजलुल हक
(c) मोहम्मद अली जिन्ना
(d) अबुल कलाम आजाद

**10.** इनमें से कौन-सा क्रांतिकारी संगठन काकोरी षड्यंत्र केस में शामिल था?

(a) गदर पार्टी
(b) अनुशीलन समिति
(c) अभिनव भारत ग्रुप
(d) हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन

**11.** नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर बना है?

(a) गोदावरी (b) कृष्णा
(c) गंगा (d) कावेरी

**12.** माउण्ट एवरेस्ट पर प्रथम बार चढ़ाई किस वर्ष की गई?

(a) 1951 (b) 1953
(c) 1955 (d) 1958

**13.** भरतपुर में स्थित पक्षी अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान का नाम है-

(a) भैंसरोड़गढ़ अभयारण्य
(b) दर्रा अभयारण्य
(c) केवलादेव घाना राष्ट्रीय उद्यान
(d) घाटप्रभा अभयारण्य

**14.** भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क का स्रोत है-

(a) दल्ली-राजहरा (b) कोरबा
(c) उमरिया (d) राजनांदगाँव

**15.** दिए गए दर्रों और उनके स्थानों का कौन सा जोड़ **सही नहीं** है?

| | |
|---|---|
| 1. जोजिला और बुरजिल | - जम्मू और कश्मीर |
| 2. बारा लापचा ला और शिपकी ला | - उत्तर प्रदेश |
| 3. थाग्रा ला, नीति पास और लिपु लेख | - हिमाचल प्रदेश |
| 4. नाथु ला और जेलेप ला | - सिक्किम |

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

**16.** किसके बढ़ने के फलस्वरूप निजी निवेश में वृद्धि की अधिक संभावना होगी?

ROJGAR With ANKIT

(a) ब्याज दर
(b) शेयरों की कीमत
(c) नई पूँजी पर अनुमानित प्राप्ति
(d) व्यक्तिगत कर

**17.** भारत की राष्ट्रीय आय का आकलन करने वाली संस्था है-
(a) आर. बी. आई.
(b) नीति आयोग
(c) वित्त मंत्रालय
(d) केंद्रीय सांख्यिकी संगठन

**18.** सेवा क्षेत्र का दूसरा नाम क्या है?
(a) तृतीयक
(b) प्राथमिक
(c) द्वितीयक
(d) कृषि

**19.** भारत में श्वेत क्रांति के जनक के रूप में कौन जाना जाता है?
(a) बलवंतराय मेहता
(b) डॉ. वर्गीस कुरियन
(c) एम.एस. स्वामीनाथन
(d) नॉर्मन एडबर्ग

**20.** भारत में आर्थिक सुधार 1991 के दौरान प्रधानमंत्री कौन थे?
(a) पी.वी. नरसिम्हा राव
(b) अटल बिहारी वाजपेयी
(c) डॉ. मनमोहन सिंह
(d) इनमें से कोई नहीं

**21.** भारत के संविधान में इनमें से क्या राज्य सूची में सम्मिलित **नहीं** है?
(a) पुलिस
(b) कानून और व्यवस्था
(c) जेल
(d) दण्ड प्रक्रिया संहिता

**22.** निम्नलिखित में से क्या भारतीय संविधान की मुख्य विशेषता नहीं है?
(a) अर्ध संघीय संरचना
(b) प्रतिबद्ध न्यायतंत्र
(c) शक्तियों का वितरण
(d) लिखित संविधान और संविधान की सर्वोच्चता

**23.** निम्न में से क्या भारतीय नागरिकों को आर्थिक न्याय प्रदान करता है?
(a) मौलिक अधिकार
(b) मौलिक कर्त्तव्य
(c) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
(d) इनमें से कोई नहीं

**24.** भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्य सरकारों को ग्राम पंचायतों के आयोजन के लिए निर्देशित करता है?
(a) अनुच्छेद 38
(b) अनुच्छेद 40
(c) अनुच्छेद 44
(d) अनुच्छेद 46

**25.** त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का विचार किसने रखा था?
(a) बलवंत राय मेहता कमेटी
(b) अशोक मेहता कमेटी
(c) रॉयल कमीशन
(d) इनमें से कोई नहीं

**26.** बिजली का प्रवाह सर्किट में कब होता है?
(a) स्विच चालू होने पर
(b) स्विच बंद होने पर
(c) स्विच बंद या चालू होने पर
(d) इसमें कोई वोल्टेज नहीं होता

**27.** प्रतिरोध की S.I. इकाई क्या है?
(a) फैराडे
(b) ओह्म
(c) वोल्ट
(d) ऐम्पियर

**28.** नींबू का खट्टा स्वाद इनमें से किसकी उपस्थिति के कारण होता है?
(a) साइट्रिक अम्ल
(b) एसीटिक अम्ल
(c) ऑक्सेलिक अम्ल
(d) फॉर्मिक अम्ल

**29.** कर्कटजनक रसायन से होता है-
(a) हृदय रोग
(b) मधुमेह
(c) कैन्सर
(d) दमा (अस्थमा)

**30.** त्वचा की ऊपरी सतह क्या कहलाती है?
(a) अंतश्चर्म (एंडोडर्मिस)
(b) अधिचर्म (एपिडर्मिस)
(c) चर्म (डर्मिस)
(d) विशिष्ट चर्म (स्पेशियल डर्मिस)

**31.** यदि $\sqrt{\left(1+\frac{27}{169}\right)} = \left(1+\frac{x}{13}\right)$, तो $x$ का मान है-
(a) 1
(b) 3
(c) 5
(d) 7

**32.** $37\frac{1}{2}$ में कुल कितने $\frac{1}{8}$ हैं?
(a) 300
(b) 400
(c) 500
(d) निर्धारित नहीं कर सकते

**33.** $\sqrt{\frac{36.1}{102.4}} = ?$
(a) $\frac{29}{32}$
(b) $\frac{19}{72}$
(c) $\frac{19}{32}$
(d) $\frac{29}{62}$

**34.** एक शहर की जनसंख्या में 4% की वार्षिक वृद्धि होती है परंतु स्थानांतरण के कारण $\frac{1}{2}$% वार्षिक तक घट भी जाती है। तीन वर्षों में वृद्धि का प्रतिशत क्या होगा?
(a) 9.8
(b) 10
(c) 10.5
(d) 10.8

**35.** 13 परिणामों का औसत 68 है। पहले सात का औसत 63 है और आखिरी सात का औसत 70 है, तो सातवाँ परिणाम है-
(a) 47
(b) 65.5
(c) 73.5
(d) 94

**36.** निम्न में से 'तीक्ष्ण' का विलोम शब्द क्या है?
(a) तीव्र
(b) तृष्णा

ROJGAR With ANKIT

(c) त्यागी (d) कुण्ठित

**37.** 'गजवदन' का पर्यायवाची है–

(a) गर्जन (b) मेघनाद
(c) गणपति (d) विष्णु

**38.** 'काँटों से भरा हुआ' वाक्य के लिए नीचे दिए गए विकल्प में से एक शब्द चुनिये–

(a) कंटक (b) विकीर्ण
(c) कुचैला (d) कंटकाकीर्ण

**39.** 'दूध का दूध और पानी का पानी करना' मुहावरे का अर्थ है–

(a) दुग्ध इन्स्पेक्टर होना (b) मिल–जुलकर करना
(c) पक्षपातपूर्ण निर्णय करना (d) उचित निर्णय करना

**40.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।

(a) बहीष्कार (b) बाहिष्कार
(c) बहिष्कार (d) बइष्कार

**Directions:** Read the passage carefully and answer the corresponding questions: (41-43)

I climbed into bed and rolled myself in my blankets, first extinguishing the light that burned steadily near the door. I lay still trying to get to sleep but my fear made that impossible and soon I sat up in bed peering into the darkness and occasionally glancing at the round window in the side of the ship which seemed like a plate suspended in the darkness. For an hour I must have sat like this, and then I was suddenly roused, by a drought of cold air. I jumped out of bed; not having allowed for the motion of the ship, I was instantly thrown violently across the room.

**41.** The author sat peering into the darkness because

(a) he had put out the light.
(b) he wished to see the window.
(c) the window had looked like a plate
(d) he was afraid.

**42.** The author jumped out of bed because

(a) he heard a faint sound.
(b) he saw someone coming towards him.
(c) a cold breeze blew past his face.
(d) he was pushed by someone.

**43.** Which one of the following did the author do first?

(a) Closing the door.
(b) Climbing into bed.
(c) Rolling himself into blankets.
(d) None of these

**44.** Give synonym for the following word:

Pride

(a) Humour (b) Hate
(c) Dignity (d) Cowardice

**45.** Give Antonym for the following word:

Keen

(a) Dull (b) Alert
(c) Humble (d) Eager

**46.** दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन कीजिए:

कुत्ता : रेबीज़ :: मच्छर : ?

(a) प्लेग (b) मृत्यु
(c) मलेरिया (d) डसना

**47.** उस शब्द का चयन कीजिए जो समूह के बाकी शब्दों से मेल नहीं रखता।

(a) नन (धर्मसंघिनी) (b) शूरवीर
(c) मुनि (d) पादरी

**48.** किसी निश्चित कूट भाषा में COMPUTRONE को लिखा जाता है PMOCTUENOR। इसी कूट भाषा में ADVANTAGES को क्या लिखा जाएगा?

(a) SEGATNAVAD (b) AVDATNSEGA
(c) AVDATASEGN (d) NAVDASEGAT

**49.** एक आदमी ने एक महिला से कहा, "तुम्हारी माँ के पति की बहन मेरी बुआ है।" वह महिला उस आदमी से किस प्रकार संबंधित है?

(a) पुत्री (b) पोती
(c) माँ (d) बहन

**50.** यदि 18 फरवरी, 2005 को शुक्रवार है, तो 18 फरवरी, 2007 को कौन-सा दिन होगा?

(a) रविवार (b) सोमवार
(c) मंगलवार (d) बुधवार

**51.** भारत के उस प्रथम राज्य का नाम क्या है जिसने अपने सभी निवासियों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है?

(a) गुजरात (b) तेलंगाना
(c) राजस्थान (d) कर्नाटक

**52.** आर.बी.आई. ने 22 जुलाई, 2021 से किस भुगतान तंत्र को नए कार्ड जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है?

(a) मास्टरकार्ड (b) विज़ा
(c) रूपे (d) इनमें से कोई नहीं

**53.** योग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत में किसके द्वारा मोबाइल एप 'नमस्ते योग' शुरू किया गया?

(a) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(b) गृह मंत्रालय
(c) आयुष मंत्रालय
(d) इनमें से कोई नहीं

**54.** टोक्यो पैरालिम्पिक्स 2021 में किसको भारतीय दल के ध्वज-वाहक के लिए नामित किया गया?

(a) कशिश लाकड़ा (b) मरियप्पन थंगवेलू

ROJGAR With ANKIT

(c) देवेन्द्र झाझरिया (d) अजीत सिंह

**55.** 2021-22 के दूसरे क्वार्टर (जुलाई-सितंबर) के लिए सुकन्या समृद्धि खाते की ब्याज दर क्या है?
(a) 7.6% (b) 6.6%
(c) 8.6% (d) 9.6%

**56.** भारतीय सेना ने कश्मीर में अपनी एक फायरिंग रेंज का नाम बॉलीवुड अभिनेत्री ............... के नाम पर रखा है।
(a) ऐश्वर्या राय बच्चन (b) प्रियंका चोपड़ा
(c) दीपिका पादुकोण (d) विद्या बालन

**57.** वर्ष 2021 के लिए किस देश का पासपोर्ट विश्व में सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की श्रेणी में सबसे ऊपर है?
(a) रूस (b) यू.एस.
(c) भारत (d) जापान

**58.** तमिलनाडु विधान सभा 2021 का चुनाव किस राजनीतिक दल ने जीता?
(a) डी.एम.के. (b) बी.जे.पी.
(c) ए.आई.ए.डी.एम.के (d) पी.एम.के.

**59.** वैश्विक शांति सूचकांक 2021 में कौन सा देश शीर्ष पर है?
(a) डेनमार्क (b) न्यूजीलैण्ड
(c) आइसलैण्ड (d) पुर्तगाल

**60.** कौन सी राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री दलित सशक्तिकरण योजना को लागू किया है?
(a) तेलंगाना (b) आंध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) बिहार

**61.** निम्न में से किस देश को 'थंडर ड्रेगन' की भूमि के नाम से जाना जाता है?
(a) जापान (b) भूटान
(c) नेपाल (d) श्रीलंका

**62.** रियाद किस देश की राजधानी है?
(a) म्यांमार (b) बांग्लादेश
(c) सऊदी अरब (d) इनमें से कोई नहीं

**63.** क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का निम्न में से कौन सा राज्य सबसे छोटा है?
(a) सिक्किम (b) गोआ
(c) मेघालय (d) मिजोरम

**64.** राज्य सभा के चुने हुए सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है?
(a) 2 वर्ष (b) 4 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 8 वर्ष

**65.** विश्व में संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 20 अक्टूबर (b) 24 अक्टूबर
(c) 27 नवंबर (d) 30 नवंबर

**66.** अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कहाँ स्थित है?
(a) जिनेवा (b) द हेग
(c) एमस्टर्डम (d) वियना

**67.** विश्व प्रसिद्ध 'खजुराहो' मूर्तिकलाएँ स्थित हैं-
(a) गुजरात में (b) मध्य प्रदेश में
(c) ओडिशा में (d) महाराष्ट्र में

**68.** प्रसिद्ध नबकालेबारा उत्सव इनमें से किस राज्य से सम्बद्ध है?
(a) केरल (b) बिहार
(c) राजस्थान (d) ओडिशा

**69.** निम्न में से कौन सी एक हरितगृह गैस **नहीं** है?
(a) मीथेन
(b) नाइट्रोजन
(c) कार्बन डाइऑक्साइड
(d) क्लोरोफ्लुओरोकार्बन (CFC)

**70.** अर्जुन पुरस्कार किसलिए दिए जाते हैं?
(a) आपातकालीन स्थिति में विशिष्ट सेवा के लिए
(b) युद्ध में वीरता के लिए
(c) खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए
(d) विशिष्ट समाज सेवाओं के लिए

**निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (71-75) के उत्तर चुनिए।

### गद्यांश

स्वतंत्रता संग्राम मनुष्य में उत्तम और स्पृहणीय विशेषताएँ पैदा करता है और भारतीय स्वतंत्र्य संग्राम भी इसका अपवाद नहीं है। महात्मा गाँधी के नेतृत्व में यह युद्ध बिना किसी ईर्ष्या-द्वेष तथा खून-खराबे के लड़ा गया था। गाँधीजी इसे सत्याग्रह कहते थे। इसके पीछे उनकी शिक्षा, धार्मिक आस्था तथा अन्य उपलब्धियों का उतना हाथ नहीं था, जितना उनके सदाचरण और व्यवहार का। इस स्वतंत्र्य आंदोलन को स्मरण रखने का मुख्य कारण यह है कि यह जनतांत्रिक था अर्थात् इसमें देश के हर वर्ग और जाति के लोग सम्मिलित थे, चाहे वे धनी हों या गरीब, नर हों या नारी हों अथवा विभिन्न संप्रदायों के। इसके साथ ही वह एक धर्मनिरपेक्ष और स्वतंत्रता कर्मियों का संघर्षशील राष्ट्रीय आंदोलन था। स्वतंत्र भारत के नागरिक के रूप में हम आज जनतांत्रिकता और धर्म निरपेक्षता का लाभ उठा रहे हैं। हम सोच नहीं सकते कि इतने बड़े देश में अपना शासन करने के लिए हम अपना प्रतिनिधि नहीं चुन सकते थे या कोई गंदा कानून लागू कर दिया जाता तो हम उसके विरुद्ध आवाज नहीं उठा सकते थे और हम अपनी राय स्वतंत्रतापूर्वक व्यक्त नहीं कर सकते थे।

**71.** उपर्युक्त गद्यांश में प्रयुक्त 'स्मरणीय' शब्द का अर्थ है-
(a) प्राप्त करने योग्य (b) प्राप्त की गई
(c) त्याग करने योग्य (d) त्याग की हुई

**72.** उपर्युक्त गद्यांश में लेखक ने मुख्य रूप से बताया है कि-
(a) आजादी में क्रांतिकारियों की विशेष भूमिका थी।
(b) आजादी के संघर्ष में कृषकों का योगदान था।
(c) गुलाम देश की कैसी थी।
(d) महात्मा गाँधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आंदोलन कैसा था।

**73.** उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का उद्देश्य क्या था?
(a) धार्मिक आस्थाओं और सद्व्यवहार को बढ़ावा देना।

ROJGAR With ANKIT

(b) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की विशेषता बताना।
(c) अंग्रेजी राज्य के दोष गिनाना।
(d) जनतांत्रिकता से हानि बताना।

**74.** धर्मनिरपेक्षता से अभिप्राय है–
(a) सभी धर्मों का आदर
(b) धर्म में हस्तक्षेप न करना
(c) धर्म की अवज्ञा
(d) किसी भी धर्म को न मानना

**75.** कैसे माना जाए कि हमारा स्वतंत्रता संग्राम जनतांत्रिक था?
(a) यह महात्मा गाँधी के सद्व्यवहार और सदाचरण का प्रतीक था।
(b) इसमें हिंदू और मुसलमान सम्मिलित थे।
(c) यह स्वतंत्रता-प्रेमियों का आंदोलन था।
(d) इसमें सभी जातियों, वर्गों, धर्मों के लोगों ने भाग लिया था।

**निर्देश:** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (76-80) के उत्तर चुनिए।

## गद्यांश

विधाता-रचित इस सृष्टि का सिरमौर है, मनुष्य। उसकी कारीगरी का सर्वोत्त्मा नमूना। यह मानव को ब्रह्माण्ड का लघु रूप मानकर भारतीय दार्शनिकों ने 'यत्' पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे' की कल्पना की थी। उनकी यह कल्पना मात्र कल्पना नहीं थी, प्रत्युय यथार्थ भी थी क्योंकि मानव-मन में जो विचारण के रूप में घटित होता है, उसी का कृति रूप ही तो सृष्टि है। मन तो मन, मानव का शरीर भी अप्रतिम है। देखने में इससे भव्य, आकर्षक एवं लावण्यमय रूप सृष्टि में अन्यत्र कहाँ है? अद्भुत एवं अद्वितीय है मानव-सौंदर्य! साहित्यकारों ने इसके रूप-सौंदर्य के वर्णन के लिए कितने ही अप्रस्तुतों का विधान किया है और इस सौंदर्य-राशि से सभी को आप्यायित करने के लिए अनेक काव्य सृष्टियाँ रच डाली हैं।

साहित्यशास्त्रियों ने भी इसी मानव की भावनाओं का विवेचन करते हुए अनेक रसों का निरूपण किया है। परंतु वैज्ञानिक दृष्टि से विचार किया जाए तो मानव-शरीर को एक जटिल यंत्र से उपमित किया जा सकता है। जिस प्रकार यंत्र के एक पुर्जे में दोष आ जाने पर सारा यंत्र गड़बड़ा जाता है, बेकार हो जाता है उसी प्रकार मानव-शरीर के विभिन्न अवयवों में से यदि कोई एक अवयव भी बिगड़ जाता है तो उसका प्रभाव सारे शरीर पर पड़ता है। इतना ही नहीं, गुर्दे जैसे कोमल तथा नाजुक हिस्से के खराब हो जाने से यह गतिशील वपुयंत्र एकाएक अवरुद्ध होसकता है, व्यक्ति की मृत्य हो सकती है। एक अंग के विकृत होने पर सारा शरीर दण्डित हो, यह कालकवलित हो जाए–यह विचारणीय है।

यदि किसी यंत्र के पुर्जे को बदलकर उसके स्थान पर नया पुर्जा लगातर यंत्र को पूर्ववत् सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से क्रियाशील बनाया जा सकता है तो शरीर के विकृत अंग के स्थान पर नव्य विरामय अंग लगाकर शरीर को स्वस्थ एवं सामान्य क्यों नहीं बनाया जा सकता? शल्य-चिकित्सकों ने इस दायित्वपूर्ण चुनौती को स्वीकार किया तथा निरंतर अध्यवसाय पूर्णसाधना के अनन्तर अंग-प्रत्यारोपण के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की। अंग-प्रत्यारोपण का उद्देश्य है कि मनुष्य दीर्घायु प्राप्त कर सके। यहाँ यह ध्यातव्य है कि मानव शरीर हर किसी के अंग को उसी प्रकार स्वीकार नहीं करता, जिस प्रकार हर किसी का रक्त उसे स्वीकार्य नहीं होता। रोगी को रक्त देने से पूर्व रक्त-वर्ग का परीक्षण अत्यावश्यक है, तो अंग-प्रत्यारोपण से पूर्व ऊतक-परीक्षण अनिवार्य है। आज का शल्य-चिकित्सक गुर्दे, यकृत, आँत, फेफड़े और हृदय का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक कर रहा है। साधन-सम्पन्न चिकित्सालयों में मस्तिष्क के अतिरिक्त शरीर के प्राय: सभी अंगों का प्रत्यारोपण संभव हो गया है।

**76.** मानव को सृष्टि का लघु रूप माना गया है क्योंकि–
(a) मानव मन में जो घटित होता है, वही सृष्टि में घटित होता है।
(b) मानव सृष्टि का सिरमौर है।
(c) मन की शक्ति अपराजेय है।
(d) लघु मानव की विधाता की सच्ची सृष्टि है।

**77.** वैज्ञानिक दृष्टि का अपेक्षाकृत अभाव होता है–
(a) साहित्यकार में (b) साहित्यशास्त्री में
(c) शल्य-चिकित्सक में (d) वैज्ञानिक में


**78.** मानव शरीर को यंत्रवत् कहा गया है क्योंकि–
(a) मानव शरीर दृढ़ माँसपेशियों और अवयवों से निर्मित है।
(b) मानव शरीर यंत्र की भाँति लावण्यमय होता है।
(c) अवयव रूपी पुर्जों के विकृत होने से शरीर यंत्रवत् निष्क्रिय हो जाता है।
(d) मानव शरीर विधाता की दृष्टि की अनुपम कृति है।

**79.** शल्य-चिकित्सकों द्वारा स्वीकार की गई दायित्वपूर्ण चुनौती थी–
(a) जीर्ण शरीर के स्थान पर स्वस्थ शरीर देना।
(b) मानव शरीर को मृत्यु से बचाना।
(c) अंग-प्रत्यारोपण द्वारा शरीर को सामान्य बनाना।
(d) शल्य-चिकित्सा का महत्व स्थापित करना।

**80.** अनुच्छेद में प्रयुक्त 'निरामय' शब्द का पर्याय है–
(a) सुंदर (b) स्वस्थ
(c) अद्भुत (d) नवीन

**निर्देश (81-85):** प्रश्न दिए गए ग्राफ पर आधारित हैं। इन प्रश्नों के उत्तर दें।

**निम्नांकित रेखाचित्र में सीमेंट का विभिन्न वर्षों के दौरान उत्पादन (मिलियन टन में) दर्शाया गया है।**




**81.** उत्पादन अधिकतम स्तर तक इस वर्ष घटा:
(a) 2012-13 (b) 2015-16
(c) 2016-17 (d) 2019-20

**82.** उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष .......... के दौरान अधिकतम वृद्धि हुई।
(a) 2013-14 (b) 2017-18
(c) 2014-15 (d) 2018-19


**83.** प्रथम तीन वर्ष के दौरान औसत उत्पादन था-
(a) 44 MT (b) 46 MT
(c) 48 MT (d) 50 MT

**84.** सीमेंट का अधिकतम उत्पादन दर्ज हुआ इस वर्ष:
(a) 2013-14 (b) 2014-15
(c) 2018-19 (d) 2017-18

**85.** वर्ष 2011-12 के दौरान उत्पादन वृद्धि प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में था-
(a) 31.8% (b) 36%
(c) 37.5% (d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (86-90):** प्रश्न दिए गए ग्राफ पर आधारित हैं। इन प्रश्नों के उत्तर दें।

**दिया गया ग्राफ एक वस्तु X के आयात को 2013 से 2019 के मध्य करोड़ रुपये में दर्शाता है।**




**86.** वर्ष 2014-15 से 2015-16 के दौरान X के आयात में वृद्धि प्रतिशत है-
(a) 43.0% (b) 33.3%
(c) 28.8% (d) 25.0%

**87.** सभी वर्षों के लिए वर्ष दर वर्ष X के आयात की वृद्धि का औसत (₹ करोड़ में) है-
(a) 260 (b) 280
(c) 325 (d) इनमें से कोई नहीं

**88.** विगत कितने वर्षों तक X का आयात, X के औसत आयात से अधिक था?
(a) 4 (b) 3
(c) 2 (d) 1

**89.** X के औसत आयात से अधिक आयात और X के औसत आयात से कम आयात के वर्षों का अंतर है-
(a) 3 (b) 2
(c) 1 (d) 0

**90.** वर्ष 2018-19 के दौरान X के आयात में प्रतिशत वृद्धि सभी वर्षों के X के आयात के उसके औसत से कितनी है?
(a) 50.9% (b) 63.5%
(c) 70.6% (d) 64.38%

ROJGAR With ANKIT

**निर्देश (91-95):** दी गई तालिका/सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें।

निम्न तालिका में चार व्यक्ति A, B, C तथा D सप्ताह के विभिन्न दिनों पर वस्तुओं की बिक्री कर रहे हैं।

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| सोमवार | 40 | 45 | 25 | 20 |
| मंगलवार | 35 | 50 | 48 | 26 |
| शुक्रवार | 25 | 28 | 15 | 41 |
| शनिवार | 30 | 40 | 45 | 40 |

**91.** मंगलवार को A द्वारा बेची गई वस्तु तथा शनिवार को C द्वारा बेची गई वस्तु का अनुपात क्या था?
(a) 9 : 7 (b) 7 : 9
(c) 6 : 5 (d) 8 : 7

**92.** सोमवार को D द्वारा बेची गई वस्तु, शनिवार को C द्वारा बेची गई वस्तु का कितना प्रतिशत थी?
(a) 42.60% (b) 49.55%
(c) 44.44% (d) 32.70%

**93.** B, C तथा D द्वारा क्रमशः सोमवार, मंगलवार तथा शनिवार को बेची गई वस्तुओं का औसत क्या है?
(a) 44.33 (b) 42.50
(c) 46.66 (d) 45.90

**94.** सप्ताह के सभी चार दिनों में D वस्तु की बिक्री की तुलना में B वस्तु की बिक्री में कितने प्रतिशत की वृद्धि आई?
(a) 29.1% (b) 19.5%

(c) 18.3% (d) 28.3%

**95.** सोमवार को बेची गई वस्तुओं के औसत और शुक्रवार को बेची गई वस्तुओं के औसत के मध्य कितना अंतर है?

(a) 10.5 (b) 7.40
(c) 5.25 (d) 6.45

**निर्देश (96-100):** दी गई तालिका/सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें।

**भारत में 2010-2017 के मध्य फसलों का उत्पादन (टन में)**

| वर्ष | गेहूँ | चावल | बाजरा | मक्का | जौ | दालें | आलू |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2010-11 | 6121 | 874 | 565 | 80 | 300 | 415 | 210 |
| 2011-12 | 7010 | 964 | 655 | 60 | 312 | 417 | 220 |
| 2012-13 | 7112 | 960 | 780 | 55 | 210 | 680 | 222 |
| 2013-14 | 7056 | 985 | 1110 | 40 | 200 | 310 | 245 |
| 2014-15 | 6896 | 716 | 1160 | 90 | 216 | 370 | 315 |
| 2015-16 | 6912 | 826 | 1450 | 110 | 160 | 300 | 400 |
| 2016-17 | 7617 | 812 | 1460 | 75 | 216 | 260 | 445 |

**96.** गेहूँ उत्पादन में किस वर्ष के दौरान गिरावट दिखाई दी?

(a) 2013-14 (b) 2015-16
(c) 2014-15 (d) 2016-17

**97.** इनमें से किस फसल में 2013-17 के मध्य उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की गई?

(a) मक्का (b) जौ
(c) दालें (d) बाजरा

**98.** 2010-11 से 2016-17 की अवधि के मध्य आलू का औसत उत्पादन कितना है?

(a) 300.00 टन (b) 293.86 टन
(c) 353.96 टन (d) 253.86 टन

**99.** 2016-17 के मध्य इनमें से किस फसल के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट दर्ज की गई?

(a) जौ (b) बाजरा
(c) चावल (d) आलू

**100.** आलू का उत्पादन 2015-16 में 2010-11 का अंदाजन कितना गुणा है?

(a) 1.82 (b) 2.00
(c) 2.10 (d) 1.90

* आयोग द्वारा सभी को समान अंक दिए गए।

ROJGAR With ANKIT

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | (c) | **2.** | (b) | **3.** | (b) | **4.** | (b) | **5.** | (a) | **6.** | (d) | **7.** | (b) | **8.** | (b) | **9.** | (c) | **10.** | (d) |
| **11.** | (b) | **12.** | (b) | **13.** | (c) | **14.** | (a) | **15.** | (d) | **16.** | (c) | **17.** | (d) | **18.** | (a) | **19.** | (b) | **20.** | (a) |
| **21.** | (d) | **22.** | (b) | **23.** | (c) | **24.** | (b) | **25.** | (a) | **26.** | * | **27.** | (b) | **28.** | (a) | **29.** | (c) | **30.** | (b) |
| **31.** | (a) | **32.** | (a) | **33.** | (c) | **34.** | (d) | **35.** | (a) | **36.** | (d) | **37.** | (c) | **38.** | (d) | **39.** | (d) | **40.** | (c) |
| **41.** | (d) | **42.** | (c) | **43.** | (b) | **44.** | (c) | **45.** | (a) | **46.** | (c) | **47.** | (b) | **48.** | (b) | **49.** | (d) | **50.** | (a) |
| **51.** | (c) | **52.** | (a) | **53.** | (c) | **54.** | * | **55.** | (a) | **56.** | (d) | **57.** | (d) | **58.** | (a) | **59.** | (c) | **60.** | (a) |
| **61.** | (b) | **62.** | (c) | **63.** | (b) | **64.** | (c) | **65.** | (d) | **66.** | (b) | **67.** | (b) | **68.** | (d) | **69.** | (b) | **70.** | (c) |
| **71.** | (a) | **72.** | (d) | **73.** | (b) | **74.** | (a) | **75.** | (d) | **76.** | (a) | **77.** | (b) | **78.** | (c) | **79.** | (c) | **80.** | (b) |
| **81.** | (b) | **82.** | (a) | **83.** | (c) | **84.** | (b) | **85.** | (a) | **86.** | (b) | **87.** | (a) | **88.** | (c) | **89.** | (b) | **90.** | (d) |
| **91.** | (b) | **92.** | (c) | **93.** | (a) | **94.** | (d) | **95.** | (c) | **96.** | * | **97.** | (d) | **98.** | (b) | **99.** | (c) | **100.** | (d) |